Reopening of sugar mills in Uttar Pradesh

561. SHRI SHIV PRATAP MISH RA: Will the Minister of FOOD be pleased to state

(a) what is the number of sugar mills lying closed in Uttar Pradesh as on 31st March, 1993;

(b) the reagons for which these are lying closed; and

(c) the remedial measures taken for their reopening?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALP NATH RAI): (a) to (c) Only Khalilabad Sugar Mills Private Ltd., Khalilabad, District Basti, could not work during the season 1992-93 due to Shortage of funds and not having been able to mobilise institutional finance for their expansion project.

The Uttar Pradesh Government has advised the owner of the sugar mill to commission the Khalilabad Sugar Factory during the season 1993-94 after completing the exnansion orogramme.

गेहूं का आयात

562. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री वीरेन जे० शाह :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को विक्रय करने के लिए और सुरक्षित भंडार रखने के लिए वर्ष 1993–94 में 10 मिलियन मीटरी टन गेहूं की जरूरत होगी ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि वर्ष 1993–94 में गेहूं की फसल के समय सरकारी खरीद का अनुमान 8.5 मिलियन मीटरी टन लगाया जा रहा है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि अभी तक के अनुमानों के अनुसार देश में गेहूं की आवश्यकता सरकारी खरीद से पूरी हो पाना संभव नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो क्या वर्ष 1993–94 में गेहूं का आयात किया जायेगा ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) अनुमान है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि के लिए 1993–94 के दौरान लगभग 8.5 मिलियन मीटरी टन गेहूं की आवश्यकता होगी । इसके अतिरिक्त सरकार 1993–94 के दौरान केन्द्रीय बफर स्टाक में एक मिलियन मीटरी टन और गेहूं शामिल करना चाहेगी।

(ख) गेहूं की वसूली मूल्य समर्थन परिचालनों पर आधारित होती है और जो गेहूं विहित विनिर्दिष्टियों की अपेक्षाओं को पूरा करता है और जो किसानों द्वारा सरकारी वसूली मूल्य पर बिक्री के लिए पेश किया जाता है, सरकारी वसूली एजेन्सियों से उसे ही खरीदने की अपेक्षा की जाती है। अत. गेहूं की प्रस्तावित वसूली की मात्रा के बारे में कोई उपरी सीमा नहीं हैं। वर्तमान रबी विपणन मौसम, 1993–94 में गेहूं की वसूली के रुख के आधार पर आशा है कि कुल मिलाकर 9 से 9.5 मिलियन मीटरी टन गेहूं की वसूली हो सकती है।

(ग) और (घ) सरकार खाद्यान्नों की स्टाक स्थिति की निरन्तर समीक्षा करती रहती है और जून, 1993 में वसूली मौसम समाप्त हो जाने और स्टाक की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त हो जाने के बाद भी इस प्रकार की समीक्षा की जाएगी।